**Q.P. Code: 00006712**

**समय: ३ घंटे** **कुल अंक: १००**

**सूचना: (१) सभी प्रश्न अनिवार्य है |**

**(२) उत्तर पत्रिका में प्रश्न क्रमांक व उप प्रश्नक्रमांक अवश्य लिखे |**

**प्रश्न १. निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए |** **(२७)**

**(क)** "अत्याचारी से ज्यादा बड़ा अपराधी वह होता है जो अत्याचार सहता है तेरा अपराध यही है |"

**अथवा**

"मेरा किसी भी पार्टी से कोई सम्बन्ध नहीं है | मैं तो चुप चाप पेड़ पर बैठा बैठा तमाशा देखता रहता हूँ इसीलिए कहता हूँ कि कौन सच्चा कौन झूठा – यह तागा लगाना कठिन है |"

**(ख)** "राजा न पारस लेता है, न सोना | सब कुछ कूड़न को वापस देते हुए कहता है; जाओ इससे अच्छे – अच्छे काम करते जाना, तालाब बनाते जाना |"

**अथवा**

"आज सबका भोजन होगा | सुन्दर मजबूत पाल से घिरा तालाब दूर से एक बड़ी थाली की तरह ही लग रहा है | जिन अनाम लोगों ने इसे बनाया है, आज वे प्रसाद बांट कर इसे एक सुंदर–सा नाम भी देंगे | और यह नाम किसी कागज पर नहीं लोगों के मन पर लिखा जाएगा |"

**(ग)** "क्या पुरुषत्व का अर्थ क्रूरता है? केवल निर्ममता, हिंसा वध हत्या रक्तपात ही पौरुष का प्रतीक है|"

**अथवा**

"मेरे लिए तुम दोनों ही समान थे | मैंने निश्चय किया, तुम दोनों में जो भी राजा बनेगा, उससे मैं अपना अधिकार छीनने का प्रतिशोध लूँगा |"

**प्रश्न २. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए |** **(३६)**

**(च)** 'जंगलतन्त्रम' उपन्यास का उद्देश्य लिखिए |

**अथवा**

'जंगलतन्त्रम' उपन्यास के आधार पर सिंह रूपी राजनेताओं की स्वार्थपरता पर प्रकाश डालिए |

**(छ)** 'आज भी खरे है तालाब' निबंध के शीर्षक की सार्थकता प्रतिपादित कीजिए |

**अथवा**

'तालाब बांधता धरम सुभाव' निबंध में लेखक ने किस प्रकार तालाब को धरम सुभाव से जोड़ा है?

**(ज)** 'कथा एक कंस की' नाटक की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालिए |

**अथवा**

'कथा एक कंस की' नाटक का उद्देश्य लिखिए |

**प्रश्न ३. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए |** **(१२)**

**(प)** ''जंगलतन्त्रम' उपन्यास भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था का दर्पण है |' कैसे? स्पष्ट कीजिए |



XJAYANTOYC182FAXJAYANTOYC182FAXJAYANTOYC182FAXJAYANTOYC182FA

**अथवा**

**(फ)** ‘संसार से सागर तक’ निबंध के आधार पर तालाब के वास्तुकार–शिल्पकार गजधर के योगदान पर प्रकाश डालिए|

**अथवा**

**(ब)** ‘कथा एक कंस की’ नाटक में कंस के चरित्र पर प्रकाश डालिए|

**प्रश्न ४. निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणी लिखिए|** **(१५)**

**(त)** ‘जंगलतन्त्रम’ उपन्यास की प्रतीकात्मकता|

**अथवा**

‘जंगलतन्त्रम’ उपन्यास में चूहा|

**(थ)** ‘आज भी खरे है तालाब’ निबंध का सार|

**अथवा**

‘पाल के किनारे रखा इतिहास’ में इतिहास की पुष्टि|

**(द)** ‘कथा एक कंस की’ नाटक में स्वाति|

**अथवा**

‘कथा एक कंस की’ नाटक में प्रलंब|

**प्रश्न ५. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए|** **(१०)**

१. ‘जंगलतन्त्रम’ उपन्यास के लेखक कौन है?

२. ‘जंगलतन्त्रम’ उपन्यास में सिंह किसकी सवारी है?

३. ‘जंगलतन्त्रम’ उपन्यास में मोर किसका प्रतीक है?

४. ‘जंगलतन्त्रम’ उपन्यास में पच्चीस राते किसका प्रतीक है?

५. ‘आज भी खरे है तालाब’ के लेखक कौन है?

६. वरुण देवता प्रसाद के रूप में क्या बांटते है?

७. तालाब की रक्षा कौन करता है?

८. ‘कथा एक कंस की’ नाटक में उग्रसेन कौन था?

९. ‘कथा एक कंस की’ नाटक में अस्ति को किस पर गर्व था?

१०. ‘कथा एक कंस की’ नाटक में कंस किससे भयभीत था?

******



XJAYANTOYC182FAXJAYANTOYC182FAXJAYANTOYC182FAXJAYANTOYC182FA